# जिले में बेखौफ दौड़ रही हैं बेलगाम खटारा बसें

**ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है इन बसों का संचालन, परिवहन विभाग के अधिकारियों पर सांठगांठ का आरोप**

हरिभूमि न्यूज, सतना।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सोमवार की रात एक यात्री बस के ड्राइवर ने रेड सिग्नल पर खड़े लोगों को लापरवाही से बस चला कर जिस तरह से रौंदा है,इस घटना ने सभी के रोंगटे खड़े कर दिए हैं। हालांकि सूबे के मुखिया मोहन यादव ने बसों की फिटनेस की जांच करने के तत्काल आदेश भी दिए हैं। बताते चलें कि रीवा संभाग का सतना एक ऐसा जिला है जहां पर खटारा बसें बेखौफ होकर सड़कों पर चल रही हैं। इनका ज्यादातर संचालन ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर हो रहा है। यह ऐसी बसें हैं जिसमें ओवरलोडिंग भी होती है। हमेशा इस बात का आरोप लगाता रहता है कि इस तरह की बसों के संचालन में परिवहन विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। अधिकारियों पर मिली भगत के आप भी लगते हैं।

### कर्मचारियों की कमी

परिवहन महकमे में इन दिनों अमले की कमी नहीं। बावजूद इसके आंख मूंदकर बसों का फिटनेस जारी कर दिया जाता है। बसस्टैंड से रवाना होने वाली एक दर्जन से ज्यादा बसें ऐसी हैं जिन्हें अगर जांच लिया जाए तो देखते ही जिम्मेदार अधिकारी उसका परमिट और फिटनेस रद्द कर दें,पर यहां वाहनों को जांचने की फुर्सत किसी को नहीं। कंडम बसों को भी फिटनेस और परमिट जारी कर दिया जाता है। जब हादसे होते हैं तब अफसर तेजी दिखाते हैं और बाकी समय लोगों की जान से खिलवाड़ आम बात हो चली है।



### बसों में बैक लाइट तक नहीं

बस स्टैंड सतना में खड़ी कई ऐसी बसें देखने को मिल जाती है जिसमें बैक लाइट तक नहीं है। जबकि जानकार बताते हैं कि फिटनेस जारी करते समय यह जांचा जाता है कि बसों की फ्रंट,बैंक लाइट सही है या नहीं। बस का मॉडल क्या है। अगर बस 15 साल से ज्यादा पुरानी है तो उसे फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता। इन्हीं जानकारों का कहना है कि बसों को बिना जांचे ही परिवहन अधिकारी फिटनेस और परमिट जारी कर देते हैं। इस तरह की बसों का फिटनेस जारी कराने परिवहन विभाग में दलालों की भीड़ लगी है जो अधिकारियों को धोखे में रखकर फिटनेस खत्म होने की तारीख से पहले ही रिन्यूवल करा देते हैं।

### बस स्टैंड नहीं जाते अधिकारी

परिवहन अधिकारी जिले में घूमकर वाहनों पर कार्रवाई तो करते हैं लेकिन बसस्टैंड में खड़ी बसों को जांचने में पीछे रह गए। आते-जाते सड़कों पर नजर आने वाली बसों पर भी शायद उन्होंने भी ठीक से गौर नहीं किया। यही वजह है कि कंडम बसें धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रही हैं। बस स्टैंड में जांच हो तो ऐसे वाहनों पर कार्रवाई कर व्यवस्था में सुधार लाया जा सकता है।

### बड़े हादसे का इंतजार

कंडम बसों को परमिट फिटनेस जारी करने वाला परिवहन महकमा फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। बीते महीनों में हुई सड़क दुर्घटनाओं पर गौर करें तो क्षतिग्रस्त होने वाले अधिकांश वाहन परिवहन नियमों का पालन करने में सक्षम साबित नहीं हुए थे।

### इमरजेंसी दरवाजे भी नहीं

जिले में संचालित हो रही कई ऐसी यात्री बसें हैं जिसमें इमरजेंसी दरवाजे नहीं है। ज्यादातर बसों में इमरजेंसी दरवाजे लगे जरूर है लेकिन उन्हें बंद करके उस जगह पर कुर्सी लगा दी गई है। बसों के संचालक इमरजेंसी दरवाजा बंद करके कुर्सी लगाकर पैसा कमा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### स्कॉर्पियो पलटी, आधा दर्जन लोग घायल



**मैहर।** नेशनल हाईवे 30 में पहाड़ी के पास एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

### डेल्हा करइया मार्ग कैमोर पहाड़ की तराई से जुडेगा

**मैहर।** लंबे समय से लंबित डेल्हा करइया मार्ग को कैमोर पहाड़ की तराई से होते हुए अमरपाटन-रामनगर मुख्य मार्ग से जोड़ने की जनता की मांग को अंततः स्वीकृति मिल गई है। इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है।इस संबंध में स्थानीय जनता ने विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के समक्ष प्रस्ताव रखा था,जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया। सरकार ने विधायक के मांग पत्र को स्वीकार कर स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस स्वीकृति के बाद डेल्हा गांव के सरपंच अभिषेक जायसवाल,जो भाजपा सोनवारी मंडल के महामंत्री भी हैं ने मैहर विधायक के प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**मैहर।** सिविल डिफेन्स का एक दिवसीय जन-जागृति प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को मैहर के सरना पैलेस में आयोजित किया गया। इस मौके पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर रानी बाटड़, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह,एसडीएम विकास सिंह,सीएसपी राजीव पाठक तहसीलदार जितेंद्र पटेल,सीएमओ मैहर सुषमा मिश्रा सहित मैहर जिले के सभी थानों के थाना प्रभारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपातकाल में प्रशासन की तत्परता की जांच करना है। साथ ही आम नागरिकों,विद्यार्थियों और युवाओं को आपदा प्रबंधन व सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना है। मॉकड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी,ब्लैक आउट तैयारी, चिकित्सा, रसद और अग्निशमन व्यवस्थाओं का अभ्यास की जानकारी दी गई।

### ज्ञान विहार विद्यापीठ सीबीएससी 10 वीं 12 वीं उत्कृष्ट परिणाम रहा

**मैहर।** मां शारदा की धार्मिक नगरी मैहर में स्थित मैहर के ज्ञान विहार विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल मैहर का सीबीएससी 12 वीं बोर्ड का 95 प्रतिशत एवं 10 बोर्ड का परीक्षाफल विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 100 प्रतिशत रहा। 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में कॉमर्स संकाय में कुमारी प्रीति चौरसिया ने 92 प्रतिशत,बायो ग्रुप में कुमारी शिवानी चौरसिया ने 78 प्रतिशत,कॉमर्स वेदिका तिवारी एवं मैथ्स ग्रुप में आंचल तिवारी 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने अभिभावक एवं विद्यालय का नाम गौरांवित किया। इसके साथ 12 वीं बोर्ड में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं की संख्या 60 प्रतिशत रही। शेष 40 प्रतिशत बच्चो ने 60 से 70 प्रतिशत के बीच अंक अर्जित किए। इसी कड़ी में कक्षा 10वीं में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वालो में ज्योति वर्मा 92 प्रतिशत,मिताली चौरसिया 91 प्रतिशत, अंश कुशवाहा 88 प्रतिशत,हर्षल पाथवानी 87 प्रतिशत, साक्षी गुप्ता 83 प्रतिशत अंक अर्जित कर अभिभावक एवं स्कूल प्रबंधन का नाम गौरांवित किया। 10 वीं बोर्ड में 50 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने 70 प्रतिशत से 92 प्रतिशत अंक अर्जित किए। 30 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने 60 से 70 प्रतिशत अंक अर्जित किए।10 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने 50 से 60 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# पुलिस ने अवैध नशीली कफ सीरप के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज, सतना।

सिटी कोतवाली पुलिस ने नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 47 शीशी ओनरेक्स कफ सीरप कीमती 9400 रुपए की जप्त की गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जमुना कालोनी चीकू प्वाइंट में एक व्यक्ति नशीली कफ शीरप बिक्री करने हेतु लिए खडा है। पुलिस द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जो वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर जाकर घेराबंदी की गई तो मुखबिर के बताए अनुसार एक व्यक्ति खडा दिखा। जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। परंतु घेराबंदी बेहतरीन होने के कारण भागने में सफल नही हुआ एवं पुलिस द्वारा पक्रड लिया गया। पुलिस द्वारा संदेही का नाम पता पूछने पर अपना नाम सरकार चौधरी उर्फ जीतेन्द्र चौधरी पिता स्व0 लालू चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी बजरहा टोला सतना थाना सिटी कोतवाली जिला सतना का होना बताया। जिसकी तलाशी लेने पर सफेद प्लास्टिक की बोरी में 47 शीशी नशीली कफ सीरप पाई गई। इस संबंध मे वैध दस्तावेज चाहे गए जो संदेही के द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किए। जिससे आरोपी के कब्जे से 47 शीशी नशीली कफ सीरप जप्त की जाकर अपराध धारा 08, 22 एन डी पी एस एक्ट एवं 5/13 ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम का पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।आरोपी का नम सरकार चौधरी उर्फ जीतेन्द्र चौधरी पिता स्वर्गीय लालू चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी बजरहा टोला का रहने वाला है।

# बेखौफ बदमाशः पुलिस कर्मी की हत्या के बाद अब सरेआम महिला को मारी गोली

### घायल महिला रीवा रेफर, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज, सतना।

3गुंडे और बदमाश अब बेखौफ हो गए हैं। एक और जहां पिछले दिनों बैरक में घुसकर पुलिस कर्मी को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई वहीं दूसरी ओर सोमवार की शाम हनुमान नगर नहीं बस्ती में बदमाशों ने सरेआम एक महिला को गोली मार दी। हालांकि महिला की जान बच गई। उसे प्राथमिक उपचार के बाद रीवा रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने इस सिलसिले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस महिला को गोली मारी गई है उस महिला के बेटे की होली के दिन ही हत्या कर दी गई थी। जिसमें शामिल 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घायल महिला अन्य लोगों के भी बेटे की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उन्हें भी गिरफ्तार करने की मांग कर रही है। इसी बीच उसे भी गोली मार दी गई। जिसके कारण पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।



### सोमवार की शाम हुई घटना

45 वर्षीय महिला को गोली मार दी गई। बाद में रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया लिया है, जबकि पांच अन्य आरोपियों की पहचान की गई है।

### दो महीने पहले बेटे की हुई थी बेटे की हत्या

इस घटना से पहले घायल महिला अनीता के बेटे शुभम की 14 मार्च को हत्या हुई थी। होली की रात दो पक्षों के विवाद में शुभम ने बीच-बचाव किया था,जिससे नाराज होकर उत्कर्ष सिंघानिया और उसके साथी शुभम को उठा ले गए थे। रात 11 बजे शुभम गंभीर हालत में केंद्रीय विद्यालय के पास मिला था, जहां उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### पुलिस पर लगाया आरोप

पीड़िता के पति ईश्वर सिंह ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि बेटे की हत्या में शामिल कुछ आरोपी अभी भी फरार हैं,और उनकी शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। हालांकि, कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि मामले की जांच चल रही है और फिलहाल इस गोलीकांड का बेटे की हत्या से कोई संबंध नहीं मिला है। सोमवार को महिला पर गोली चलने के आरोप में पुलिस ने रोहित सिंह,युवराज सिंह और रवि मिस्त्री को गिरफ्तार कर लिया। जिसे मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता और उनके पति नंदकिशोर सिंह ने बयान दिया है,जिसमें पांच अन्य आरोपियों के नाम भी शामिल किए गए हैं।

# प्रिज्म जॉन्सन का प्रिज्म सपने रिडेम्पशन एवं उपहार वितरण समारोह आयोजित



सतना।

प्रिज्म सीमेंट द्वारा सतना में जुलाई एवं नवंबर माह में आयोजित प्रतियोगिता के सपने रिडेम्पशन के उपहार वितरण समारोह का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर तालुका क्षेत्र के सैकड़ों ठेकेदारों और मिस्त्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुणवत्ता निर्माण पद्धतियों पर एक ज्ञानवर्धक सत्र से हुई,जिसमें प्रिज्म सीमेंट की विशेषज्ञ टीम ने निर्माण की तकनीकी बारीकियों और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों पर विस्तार से जानकारी साझा की। इसके पश्चात कंपनी द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं की प्रस्तुति दी गई,जिनमें शामिल थींः प्रिज्म छात्रवृत्ति योजना,प्रिज्म बीमा योजना,भूमि पूजन किट और पीजेएल कवर ब्लॉक्स के उपयोग। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रिज्म चैंपियन प्लस,प्रिज्म चैंपियन ड्युराटेक,तथा प्रिज्म चैंपियन ऑल वेदर जैसे उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रिज्म सपने के माध्यम से कंपनी ने ठेकेदारों एवं मिस्त्रियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करते हुए अपने उत्पादों और योजनाओं को सरल,प्रभावी एवं व्यावहारिक रूप से प्रस्तुत किया। इस समारोह की गरिमा को बढ़ाया क्षेत्रीय तकनीकी प्रमुख अक्षुण्ण राज,शाखा प्रबंधक सदाब्रज सिंह तथा सेल्स प्रमोटर भव्य छाछरिया की उपस्थिति ने,जिन्होंने मंच से अपने प्रेरणादायक विचार एवं अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का सफल संचालन आईआरएम लोकेश गुप्ता द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रिज्म सीमेंट की विशेषताओं, गुणवत्ता,एवं भविष्य की योजनाओं के बारे उपस्थित जलसमूह को विस्तार से जानकारी दी। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एण्ड जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।



# कलेक्टर ने सुनी 105 आवेदकों की समस्यायें

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 105 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम ग्रामीण एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 33 आवेदन

कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 33 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खेल छात्रवृति हेतु मासांत तक जमा कर सकेंगे फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्य प्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याहण विभाग द्वारा खेल छात्रवृति अधिकृत राज्य स्तयरीय प्रतियोगिताओं में स्वार्ण, रजत, कांस्यय पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को दी जाती है। इसमें वरीयता राज्यज स्तसरीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित करने वाले खिलाडियों को दी जायेगी। खेलवृति का उद्देश्या राज्यय स्तेरीय पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृंत कर प्रदेश के खिलाडियों को प्रोत्सायहित करना है।

खेलवृति हेतु खिलाडी की आयु 1 अप्रैल 2025 को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

# 10 वीं के छात्र ने दोस्त के साथ मिलकर की चोरी, लखनऊ में पकड़ाए



सतना।

सिटी कोतवाली के मुख्तयारगंज इलाके से एक नाबालिग छात्र घर से 10 हजार रुपए और जेवरात लेकर फरार हो गया। छात्र 10वीं कक्षा में पढ़ता है। वह 5 मई को घर से भागा, जबकि अगले दिन उसका परीक्षा परिणाम आना था। सोशल मीडिया पर पैसे दोगुना करने का लालच मिलने के बाद वह अपने एक अन्य नाबालिग दोस्त के साथ महाराष्ट्र पहुंचा। वहां दोनों ठगी के शिकार हो गए। वापस लौटते समय लखनऊ पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। सतना से भागे नाबालिग की गुमशुदगी सिटी कोतवाली थाने में दर्ज थी।वहीं उसके दोस्त की गुमशुदगी रायबरेली में दर्ज थी।लखनऊ पुलिस ने दोनों को रायबरेली पुलिस के हवाले कर दिया। सतना से पहुंची पुलिस टीम की मौजूदगी में रायबरेली पुलिस ने दोनों नाबालिगों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## खबर संक्षेप

### रश्मि पटेल ने बोरी क्षेत्र में किया परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन, कक्षा 10वीं में प्राप्त किए 96 प्रति. अंक



**पन्ना।** बोरी क्षेत्र की होनहार छात्रा रश्मी पटेल पिता प्रसादी पटेल ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में 96ः अंक हासिल कर पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल बना दिया है। सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोरी की छात्रा रश्मी ने न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि स्कूल और पूरे क्षेत्र का मान भी बढ़ाया है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से शिक्षकगण और ग्रामीणों में भी खुशी की लहर है। रश्मी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने बताया कि रोजाना नियमित पढ़ाई और विषयों की गहराई से समझ ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। रश्मी का सपना है कि वह आगे चलकर डॉक्टर बने और समाज की सेवा करे। ग्रामवासी और विद्यालय प्रशासन ने रश्मी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### 29 मई को आ सकते हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**पन्ना।** कलेक्टर ने जानकारी दी कि आगामी 29 मई को छत्रसाल जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पन्ना आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री इस अवसर पर नगर के पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउण्ड में पन्ना नगर के तीसरे गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह भी संपन्न कराया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के सम्मेलन सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी होगा। जिला कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन के दृष्टिगत तथा संस्कृति विभाग के कैलेन्डर में महाशिवरात्रि एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की भांति छत्रसाल जयंती को भी शामिल कराने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### दबंग द्वारा जेसीबी मशीन से शासकीय सड़क को खोदकर कर खेत में मिलाया ग्राम वासियों का निकलना हुआ मुश्किल ग्राम पंचायत जिजगांव का मामला



**अमानगंज।** पन्ना जिले में दबंगों द्वारा मनमानी की जा रही है एवं सड़कों को जबरदस्ती ट्रैक्टर एवं जेसीबी मशीन से खोदकर कर अपने खेतों में मिलाया जा रहा है जिससे ग्राम वासियों का निकलना मुश्किल हो रहा है तथा आम रास्ता बंद हो गई है। इसी प्रकार का मामला जनपद पंचायत गुनौर अंतर्गत ग्राम पंचायत जिजगाव का सामने आया है ग्राम पंचायत के ग्राम इटोरा में 13 वर्ष पूर्व मनरेगा योजना से जीएसबी मिट्टी मोरम गिट्टी की सड़क बनाई गई थी उक्त सड़क पर वर्ष 2012-13 में 4 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई थी तथा इस सड़क से इटोरा ग्राम के लोग मुख्य सड़क बिल्हा अमानगंज जाते थे लेकिन कुछ दिनों पूर्व उक्त सड़क को ग्राम के ही दबंग मुन्ना राजा ने जेसीबी मशीन तथा ट्रैक्टर से सड़क को खोद दिया एवं भारी-भारी गड्ढे कर दिए गए जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है ग्रामीणों द्वाराउक्त संबंध में तहसीलदार अमानगंज को आवेदन दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई तो ग्रामीणों ने पन्ना पहुंचकर कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन दिया है कलेक्टर ने एसडीम गुनौर से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं आवेदन देने वालों में कमलेश शर्मा बृजपाल सिंह सुरेंद्र मनोज विनोद सत्येंद्र सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# शाहनगर में वर्षों से अधिकारी विहीन सरकारी कार्यालय, कामकाज प्रभारी अधिकारियों के भरोसे









### तहसील,जनपद पंचायत, महिला बाल विकास, थाना, जल संसाधन विभाग, एवं सी एम राइज विद्यालय केवल प्रभारियों के भरोसे

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

जिले का शाहनगर क्षेत्र इन दिनों सरकारी तंत्र की अनदेखी का शिकार बना हुआ है। वर्षों से तहसील, जनपद पंचायत, महिला बाल विकास, थाना, जल संसाधन विभाग और सीएम राइज विद्यालय जैसे अहम सरकारी कार्यालय बिना स्थायी अधिकारियों के ही संचालित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन कार्यालयों की कमान प्रभारी अधिकारियों के हाथ में है, जो अक्सर या तो अनुपस्थित रहते हैं या फिर सीमित समय के लिए क्षेत्र में आते हैं। इससे आम जनता को जरूरी कार्यों के लिए लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से तहसील और थाना जैसे विभागों में स्थायी अधिकारियों की नियुक्ति न होने से लोगों को कानूनी और प्रशासनिक कार्यों के लिए समस्या का सामना करना पड़ता है। प्रशासन की इस लापरवाही को लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द शाहनगर में सभी सरकारी कार्यालयों में स्थायी अधिकारियों की नियुक्ति की जाए, ताकि विकास कार्यों में तेजी आए और जनता को राहत मिल सके। जनता का कहना हैं की शाहनगर जिला से दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण लगातार उपेक्षा का शिकार होता हैं। इस क्षेत्र मे विकास के लिए कोई भी जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे। वही बात करे जल संसाधन विभाग की तो यहाँ पर पदस्थ एस.डी.ओ. सौर्य श्रीवास्तव वर्तमान मे पन्ना निवास कर रहे हैं। केवल महीने मे कभी कभार आकर कागजो की खाना पूर्ति करने की शाहनगर कार्यालय पहुंचते हैं। शाहनगर तहसील की बात करें तो यहाँ पर कई वर्षो से कार्यालय केवल नायब तहसीलदार के भरोसे संचालित हो रहा हैं। जनपद पंचायत मे पदस्थ सीईओ रोहित मालवीय का बर्तमान निवास पन्ना हैं। एवं उनके पास पन्ना मे एस डी ओ का भी प्रभार हैं। यह वर्षो से शाहनगर के प्रभारी बने हुए हैं। जिस कारण कभी कभार जनपद कार्यलय पहुंचते हैं। जिस कारण जनपद के कार्य बाधित होते हैं। बात करें महिला बाल विकास कि तो वर्षो से परियोजना अधिकारी कि जिम्मेदारी सेक्टर सुपर वाइजर को दी गई हैं। जबकि स्वयं के पास तीन सेक्टर हैं। जिसमे रेपुरा 1 एवं रेपुरा 2 एवं हरदुआ 2 कि जिम्मेदारी सौपी गई हैं। सी एम राइज विद्यालय कि तो यहाँ पर बिवादित कार्यशेली को लेकर निलंबित हुए राजपूत के बाद लगातार प्राचार्य पद के लिए प्रतिस्पर्धा चालू हैं। जिसकी गुटबाजी कई बार बाहर व्हाट्सप्प ग्रूपो मे भी देखने को मिली हैं। शाहनगर पुलिस थाना भी प्रभारी के भरोसे पर चल रहा हैं। जबकि पन्ना पुलिस लाइन मे कई अनुभवी निरीक्षक पदस्थ हैं। यह जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक के कृपा पत्रों को दी जाती हैं। जो कि उनकी जरूरतों को क्षेत्र से पूरी कर सके। अनुभव एवं पद के महत्त्व को दर किनार कर अनुभव हीन पुलिस अधिकारियो को दे दी जाती हैं थाने कि कमान।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में हुई टीएल बैठक के दौरान विभिन्न लंबित प्रकरणों के निराकरण सहित विभिन्न योजनाओं में हितग्राहीमूलक गतिविधियों के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दो दिवस में गत अप्रैल माह की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का प्राथमिकता के साथ संतुष्टिपूर्वक निराकरण के निर्देश भी दिए गए। साथ ही वर्तमान स्थिति में डी श्रेणी वाले विभाग के अधिकारियों को तत्परतापूर्वक कार्य कर 15 मई तक निम्न श्रेणी से बाहर आने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान अमानगंज सीएमओ राममिलन तिवारी को मैपिंग में सुधार तथा अधिक संख्या में लंबित शिकायतों वाले विभाग प्रमुखों को जवाबदेही के साथ शिकायत निराकृत करने के लिए कहा। इसके अलावा तीन श्रेणियों में प्रति दिवस जिले की रैंकिंग में सुधार के दृष्टिगत भी आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में सीएचओ, आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम को पाबंद कर प्रतिदिन सीएचओ वाइज लिस्ट अनुसार लक्ष्य के विरूद्ध कार्ड बनाने का कार्य पूरा करें। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक को कृत्रिम गर्भाधान और केसीसी प्रकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आदिम जाति कल्याण विभाग के क्षेत्र संयोजक को विभागीय कार्यों में सहूलियत के दृष्टिगत आवश्यकता मुताबिक छात्रावास अधीक्षकों का सहयोग प्राप्त करने तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी को गत शैक्षणिक सत्र की छात्रवृत्ति के समस्त प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश भी दिए। समग्र ई-केवायसी कार्य में लापरवाही बरतने वाले सचिव एवं रोजगार सहायक तथा वार्ड प्रभारी के विरूद्ध कार्रवाई की बात कही। बैठक में स्थानीय निकायवार पेंशन हितग्राहियों के आधार ई-केवायसी तथा लक्ष्य आधारित विकास योजनाओं में मासिक लक्ष्य निर्धारित कर वांछित कार्यवाही के लिए राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन, उप संचालक पशुपालन और सहायक संचालक उद्यानिकी को दिए गए।

#### एनआरसी में निरंतर दर्ज हो कुपोषित बच्चों की उपस्थिति

कलेक्टर ने कहा कि जिले के समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों में अति व मध्यम कुपोषित बच्चों के पोषण व उपचार की सतत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षकों को इसके लिए सक्रिय करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के डिस्चार्ज उपरांत भी इनके फॉलोअप की समुचित व्यवस्था हो। टीएल बैठक में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के लिए शेष विभागों द्वारा तत्काल ऑनबोर्ड होने तथा जिन विभागों में वांछित कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, वहां तत्काल ई-ऑफिस पर फाइल मूवमेन्ट शुरू कराने के लिए कहा। अब तक 11 विभाग एवं शाखाओं क्रमशः कलेक्टर कार्यालय, अधीक्षक भू-अभिलेख, ई-गवर्नेंस, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोषालय, महिला एवं बाल विकास, लोक सेवा प्रबंधन, श्रम, आर्थिक योजना एवं सांख्यिकी तथा तकनीकी शिक्षा विभाग में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर ने कहा कि विभाग द्वारा ई ऑफिस पर ऑनबोर्ड होने के उपरांत हार्ड कॉपी का आदान प्रदान बंद होगा। उन्होंने किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के अविलंब निराकरण के निर्देश दिए। टीएल बैठक में गौशालाओं के बेहतर संचालन के लिए योजना तैयार करने, श्री जुगल किशोर लोक निर्माण के लिए ठेकेदार को हैण्डओवर कार्यवाही, नेशनल हाईवे पर डिवाईडर निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने, नगर पालिका पन्ना के नवीन भवन के लिए भूमि चिन्हांकन, पहाड़कोठी पर अटल नगर वन के निर्माण के लिए पूर्व निर्मित सीसी रोड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए संशोधित प्रस्ताव तैयार करने, थोक सब्जी मंडी के लिए स्थल आवंटन इत्यादि मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा आगामी 31 मई तक चना, मसर एवं सरसों की खरीदी के लिए निर्धारित 17 केन्द्रों पर बारदाना एवं मानव संसाधन की उपलब्धता एवं उपार्जित स्कंध के परिवहन पर भी चर्चा की गई। केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत पन्ना नेशनल पार्क को प्रभावित वन भूमि के बदले अमानगंज के निकट उड़ला गांव में आवंटित तीन सर्वे नम्बर की राजस्व भूमि से पक्के अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी दिए गए।

## तेज रफ्तार जेके सीमेंट ट्राला की मोटर साइकिल की आमने सामने भिड़ंत, एक की हालत गंभीर



अमानगंज।

आज फिर जेके सीमेंट के ट्रांसपोर्ट के अज्ञात तेज रफ्तार ट्राला द्वारा पगरा देवरा के बीच जेके पेट्रोल पंप के सामने गंभीर सड़क दुर्घटना सामने आई है जिसमें गणेश आदिवासी पिता कृपाल आदिवासी उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसको सिर हाथ पैर में गंभीर चोटे आई है, ग्रामीणों ने आनन फानन घायल व्यक्ति को अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर अवस्था में पन्ना रेफर कर दिया। आज जेके के ट्रांसपोर्टरों के ट्रालाओं द्वारा अनियंत्रित गति से वाहन चलाए जा रहे हैं जिसमें कई बार सूचना देने पर भी संज्ञान लेने के नाम पर प्रशासन द्वारा केवल खानापूर्ति कर दी जाती है जिससे ट्रालाओं के ड्राइवरों के हौसले बुलंद हैं यदि प्रशासन का ऐसा ही रवैया रहा तो सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला आम हो जाएगा,अब देखना ये है कि इस गंभीर घटना के बाद प्रशासन क्या संज्ञान लेती है।



## स्वास्थ्य के प्रति दिया जन-जागरूकता का संदेश बदलते मौसम में सेहत का रखें ख्याल बरते सावधानियां

देवेंद्रनगर।

उपस्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेंद्र प्रजापति ने बदलते मौसम के उतार चढ़ाव और गर्मियों में स्वस्थ जीवन शैली बनाये रखने के लिए स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति दिया संदेश। डॉ राजेंद्र प्रजापति ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि बदलते मौसम मे बढ़ती गर्मी एवं लू के प्रभाव को गंभीरता से लें इससे बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां रखें और सुरक्षित रहें। गर्मी के मौसम में लू लगने का खतरा आम है, लू लगने से शरीर का तापमान मे बढ़ जाता है, मसल्स खिचते हैं, शरीर टूटने लगता है और प्यास बढ़ जाती है, कई बार बुखार आ जाता है, ब्लड प्रेशर लो हो जाता है और लीवर,किडनी में सोडियम पोटेशियम का बैलेंस बिगड़ जाता है ऐसे में कई बार बेहोशी की स्थिति भी बन सकती है, इसके अलावा ब्रेन या हार्ट स्ट्रोक की स्थिति भी हो सकती है। डॉ राजेंद्र ने गर्मी एवं लू बचाव के लिए बताया कि घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी पिए, सूती ढीले आरामदायक कपड़े पहने, धूप में निकालते समय अपना सिर ढक कर निकले,टोपी, कपड़ा, गमछा,छतरी का प्रयोग करें। पानी,छाछ, ओआरएस का गोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी,नींबू पानी,आम का पाना इत्यादि का सेवन करें। भरपेट ताजा भोजन व तरल पदार्थ का सेवन करके ही घर से बाहर निकले,धूप में अधिक न निकले,मिर्च मसाले युक्त बासी भोजन न करें,कूलर या एयरकंडीशनर से धूप में एकदम ना निकले, शिर दर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना एवं बेहोशी आना,कमजोरी महसूस होना,शरीर में ऐंठन, नब्ज असामान्य होना लू के लक्षण हो सकते हैं। ध्यान रखें लू के लक्षण या चक्कर आने मे व्यक्ति को छायादार जगह पर लिटा दे, व्यक्ति के कपड़े ढीले करें,उसे तरल पदार्थ कच्चे आम का पाना आदि पिलाये। तापमान घटाने के लिए ठंडे पानी की पट्टीयां रखें, प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श जरूर लें। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन जागरूकता के लिए प्रेरित कर रहा है किसी भी प्रकार की बीमारी से बचने के लिए स्वयं जागरूक बने,साफ सफाई का विशेष ध्यान दें साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करें।

# मास्टर ट्रेनर्स ने भोपाल वर्कशॉप से लिया प्रशिक्षण





पन्ना।

राज्य आनंद संस्थान, मध्यप्रदेश द्वारा राजधानी भोपाल के प्रतिष्ठित संस्थानों तै एवं छप्ज्ज्ज्त में सार्वभौमिक मानव मूल्य पर मास्टर ट्रेनर्स के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को आत्मनिरीक्षण की दिशा में प्रेरित करते हुए उन्हें भावी प्रशिक्षकों के रूप में तैयार करना रहा, ताकि वे आगामी समय में शिक्षा एक पाठ्यक्रम के रूप में मानव मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से समाहित कर सकें देश का पहला राज्य मध्य प्रदेश है जिसने सबसे पहले अपने राज्य में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यो को पाठक्रम में सम्मलित करने की शुरुआत की है। पन्ना से बतौर मास्टर ट्रेनर्स अखिलेश मिश्रा शिक्षक बउ राइज विद्यालय शाहनगर, राकेश खरे एवं रामाकांत शर्मा बउ राइज ककरहटी को प्रशिक्षित कर जिले में आगामी समय में इस महत्वपूर्ण अभियान को आगे बढ़ाने एवं शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाने का दायित्व होगा। वर्तमान समय में जब समाज में संबंधों की जगह सुविधा ने ले ली है, तब यह प्रशिक्षण अपने भीतर झांकने और सही को देखने की क्षमता विकसित करने का एक अत्यंत आवश्यक प्रयास बनकर सामने आया है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को यह समझने का अवसर मिला कि कल्पनाशीलता, इच्छा, विचार और आशा के माध्यम से हम सच्चे सुख और समृद्धि को अनुभव कर सकते हैं। यह संपूर्ण प्रक्रिया श्सहज स्वीकार्यता की अवधारणा पर आधारित रही, जहां आत्मनिरीक्षण के माध्यम से व्यक्ति अपने आचरण, व्यवहार और संबंधों को गहराई से समझता है। कार्यशाला में सुख-दुख की पहचान, समग्र अस्तित्व में अपने स्थान की समझ, और मानव-मानव के बीच सौहार्द जैसे विषयों पर गंभीर विमर्श हुआ। प्रशिक्षण में वरिष्ठ भ्ट विशेषज्ञ आदरणीय मोती भैया (कानपुर), प्रदीप भैया, दिलशाद खान भैया, केशरी भैया और आनंद विभाग के पूर्व सीईओ श्री अकलेश अर्गल ने अपनी सादगी व विनम्रता के साथ प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

खबर संक्षेप

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई में 95 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 95 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुए एडीएम ने संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री जैसवाल ने जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का प्रमुखता के साथ निराकरण करें।

## अपराध की रोकथाम के लिए थानों के नंबर और व्हाट्सएप गोपनीय सेवा शुरू

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर जिले के सभी थानों में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी और नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा ने गोपालपुरा गांव के ग्रामीणों के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान ग्रामीणों से आपस में अच्छे संबंध और व्यवहार बनाए रखने की अपील की गई। आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस ने वीट प्रभारी, थाना प्रभारी, पुलिस कंट्रोल रूम, पटवारी और तहसीलदार के मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए। साथ ही, अपराध से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा करने के लिए पुलिस का व्हाट्सएप नंबर जारी किया गया, जिसमें सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखने का आश्वासन दिया गया। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि इस जन संवाद का उद्देश्य ग्रामीणों और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। अपराध रोकने के लिए जनता का सहयोग जरूरी है। गोपनीय जानकारी साझा करने वालों का नाम सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की। इस अवसर पर सीएसपी अमन मिश्रा, थाना प्रभारी अरविंद दांगी, वीट प्रभारी सहित पुलिस कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# फरियादी की पिटाई व रिश्वत लेने के मामले में महाराजपुर टीआई व 2 आरक्षक निलंबित



**हरिभूमि न्यूज छतरपुर/महाराजपुर। फरियादी अनिल यादव पिता कालका यादव निवासी बम्हौरी थाना अजनर जिला महोबा उत्तरप्रदेश के साथ मारपीट करने एवं 80 हजार रूपए लेकर आवेदक को छोडऩे के मामले मैं एसपी अगम जैन ने महाराजपुर टीआई प्रशांत सेन एवं आरक्षक 1354 तरूण गधर्व आरक्षक 455 हरदेव सिंह को निलंबित करते हुए पुलिस लाइन भेजा है। साथ ही तीनों को प्रतिदिन गणना में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है। तथा बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय भी नहीं छोड़ सकेगे। साथ ही टीआई डी.के सिंह को महाराजपुर थाना में पदस्थ किया गया है।**




### एसडीओपी खजुराहों करेंगे जांच

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने इस मामले की जांच एसडीओपी खजुराहो को सौंपी है। साथ ही निर्देश दिए है कि उक्त संबंध में विधीवत प्राथमिक जांच कर प्रतिवेदन सुसंगत दस्तावेजों, कथनों आदि के साथ एक सप्ताह में प्रस्तुत करें।

### क्या था मामला

फरियादी अनिल यादव 6 मई को अपनी जेसीबी मशीन से महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ढिकपुरा में खाद डालने गया था तभी बरोंही के अखिलेश यादव दीपेन्द्र यादव सोहन यादव बोवी यादव सहित 6 लोगों ने इसकी मशीन छीन ली थी। जब फरियादी शिकायत करने थाने पहुँचा तो उसे थाने में बैठा लिया गया और मारपीट की गई। और उसे तब छोड़ा गया जब 80 हजार रूपए उसके परिजनों ने दिए यह मामला मीडिया की सुखियों में आया था, और समाजवादी पार्टी भी मैदान में उतर आई थी। तब पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की जांच एसडीओपी नबीन दुबे से कराई और जांच में घटना सही पाए जाने पर टीआई सहित दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर, दिए जांच के आदेश।

## खत्म हो रही है छतरपुर की सिंघाड़ी नदी सफाई में लापरवाही, नगर पालिका पर बरसे समाजसेवी

**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** छतरपुर की प्राचीन धरोहर सिंघाड़ी नदी की साफ-सफाई को लेकर नगर पालिका की लापरवाही सामने आई है। समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका ने सफाई के नाम पर केवल मशीनें रखी हैं, लेकिन वास्तव में कोई सफाई कार्य नहीं हो रहा। नदी की गंदगी और जल संरक्षण की अनदेखी को लेकर



समाजसेवियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल और ग्राहक पंचायत की शैलेंद्र मिश्रा ने कहा, सिंघाड़ी नदी हमारी प्राचीन धरोहर है, जिसे संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। इसे स्वच्छ और सुंदर बनाकर अगली पीढ़ी को सौंपना होगा। नगर पालिका की लापरवाही के कारण नदी गंदगी का अड्डा बन रही है। उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इस मुद्दे पर जनजागरूकता के साथ-साथ आंदोलन भी किया जा सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका ने नदी की सफाई के लिए मशीनें तो तैनात कीं, लेकिन नियमित सफाई कार्य नहीं हो रहा। नदी में कचरा, मलबा और गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे पर्यावरण और जल स्त्रोत को नुकसान पहुंच रहा है। लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका नदी की सफाई के लिए ठोस कदम उठाए और जल संरक्षण के लिए दीर्घकालिक योजना बनाए। समाजसेवियों ने चेतावनी दी कि यदि नगर पालिका ने जल्द ही नदी की सफाई और संरक्षण के लिए कदम नहीं उठाए, तो वे जनता के साथ मिलकर आंदोलन शुरू करेंगे।

# सीबीएसई के परिणामों में छतरपुर के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

### शत-प्रतिशत रहा महर्षि विद्या मंदिर का 12वीं का रिजल्ट

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए। इस वर्ष 42 लाख से अधिक छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें से 93.60 प्रतिशत छात्रों ने 10वीं और 87.98 प्रतिशत छात्रों ने 12वीं की परीक्षा पास की है। छतरपुर के महर्षि विद्या मंदिर, डीसेंट इंग्लिश स्कूल और केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया।

महर्षि विद्या मंदिर, देरी रोड में परिणामों की घोषणा के बाद उत्साह का माहौल रहा। छात्रों का मुंह मीठा कराकर खुशी मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य सी.के. शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अधिकांश छात्र स्कूल की शिक्षण पद्धति और रिजल्ट-उन्मुख शिक्षण वातावरण को दर्शाते हैं। उल्लेखनीय है कि महर्षि विद्या मंदिर की 12वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कुल 93 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 13 ने 90 प्रतिशत से अधिक, 14 ने 80 प्रतिशत से अधिक, 24 ने 70 प्रतिशत से अधिक, और 31 ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। सौम्या दुबे ने 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और पॉलिटिकल साइंस में 100 अंक प्राप्त किए। अनामिका



पाठक ने 95.6 प्रतिशत अंक और बायोलॉजी में 99 अंक, जबकि शुभ नाग ने इकोनॉमिक्स में 99 अंक हासिल किए। इसी तरह 10वीं कक्षा में 193 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 36 ने 90 प्रतिशत से अधिक, 53 ने 80 प्रतिशत से अधिक, 42 ने 70 प्रतिशत से अधिक, और 34 ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। नैतिक खरे ने 97.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और सोशल साइंस में 100/100 अंक हासिल किए। अर्चिशा गुप्ता ने भी सोशल साइंस में 100 अंक के साथ 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्य सी.के. शर्मा ने कहा कि विद्यालय के अधिकांश छात्रों का 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होना स्कूल की शिक्षण पद्धति की सफलता को दर्शाता है। उन्होंने विद्यार्थियों के अथक परिश्रम और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। उन्होंने सभी टॉपर्स को उनके श्रेष्ठ परिणामों के लिए बधाई दी और भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

### अस्मिता रिछारिया ने हासिल किए 97.5 फीसदी अंक



शहर के डीसेंट इंग्लिश स्कूल की छात्रा अस्मिता रिछारिया ने 12वीं कक्षा में 500 में से 487 अंक (97.5 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अस्मिता, पत्रकार जितेंद्र रिछारिया की बेटी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल और परिवार में खुशी का माहौल है।

### केंद्रीय विद्यालय की वेदांशी नायक ने भी बढ़ाया गौरव



केंद्रीय विद्यालय की छात्रा वेदांशी नायक ने 10वीं कक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का मान बढ़ाया। वेदांशी के पिता वेद प्रकाश नायक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पनौठा, और मां गीता नायक शासकीय प्राथमिक शाला, बगौता में शिक्षक हैं। प्राचार्य, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने वेदांशी को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## आधार केंद्र पर सुबह 4 बजे से लग रही लाइन



**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** शहर के छत्रसाल चौराहे के पास स्थित पोस्ट ऑफिस के आधार केंद्र पर आधार कार्ड अपडेट और केवाईसी को लेकर भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह 4 बजे से लोग टोकन पाने के लिए लाइन में लग रहे हैं, जिसमें बच्चे भी शामिल हैं। दूर-दराज से आने वाले लोग घंटों इंतजार कर रहे हैं, लेकिन केंद्र की सीमित क्षमता के कारण कई को निराश लौटना पड़ रहा है। पोस्ट ऑफिस आधार केंद्र पर टोकन पाने के लिए सुबह तड़के से लाइनें लग रही हैं। आधार अपडेट और केवाईसी के लिए स्कूली बच्चों, किसानों और ग्रामीणों को विशेष परेशानी हो रही है। राशन कार्ड, स्कूल प्रवेश और सरकारी योजनाओं के लिए आधार अपडेट अनिवार्य होने से भीड़ बढ़ रही है। कई ग्रामीणों को बार-बार केंद्र के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आधार केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि अतिरिक्त केंद्र खोलने से आधार अपडेट की प्रक्रिया तेज होगी और लोगों को समय पर सुविधा मिलेगी। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द आधार केंद्रों की संख्या बढ़ाने और टोकन प्रणाली में सुधार की मांग की है ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# लाखों की चोरी का अब तक नहीं हुआ खुलासा

### पीड़ित ने एसपी से की कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के चौबे कॉलोनी में एसबीएन कॉलेज के पीछे रहने वाले महेंद्र कुमार अरजरिया के घर में पिछले दिनों हुई 20 से 30 लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। पीड़ित ने पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। महेंद्र कुमार अरजरिया ने बताया कि कुछ समय



पहले उनके घर को चोरों ने निशाना बनाया और 20 से 30 लाख रुपये की नकदी व कीमती सामान चुरा लिया। इस घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर एसपी कार्यालय में भी आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई प्रगति नहीं हुई। मंगलवार को महेंद्र अरजरिया ने एक बार फिर पुलिस अधीक्षक अगम जैन से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई और चोरों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की।

## संकट मोचन मंदिर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हुआ सुंदरकांड पाठ



**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता का जश्न मनाने के लिए छतरपुर के संकट मोचन मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने सेना के साहस और वीरता की सराहना की, जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। संकट मोचन मंदिर में आयोजित सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाजसेवी शामिल हुए। समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों को करारा जवाब दिया है। यह भारत की ताकत और एकजुटता का प्रतीक है। वहीं शैलेंद्र मिश्रा ने इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि सेना ने आतंक के खिलाफ निर्णायक कदम उठाया है। विशाल ताम्रकार और अनुज पाठक ने भी सेना की बहादुरी को सराहते हुए कहा कि यह कार्रवाई आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों के लिए सख्त चेतावनी है। आयोजन में राजेंद्र अग्रवाल, शैलेंद्र मिश्रा, विशाल ताम्रकार, अनुज पाठक सहित कई समाजसेवियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मंदिर परिसर में भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे गूंजे।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो वर्षीय बच्ची की मौत



**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम अक्टौहा में दो वर्षीय बच्ची की तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बच्ची अपने घर के बाहर चबूतरे पर खेल रही थी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक अक्टौहा निवासी कालीचरण कुशवाहा की बेटी हिमांशी कुशवाहा अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। परिजन तुरंत बच्ची को लवकुशनगर अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने हिमांशी को मृत घोषित कर दिया। बच्ची का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया जा रहा है। हिमांशी की मौत से उसके परिवार और गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## नागरिक सुरक्षा के दृष्टिगत सिविल वॉलेंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** भारत सरकार, राज्य शासन द्वारा प्रसारित आदेशों एवं कलेक्टर पार्थ जैसवाल और कंट्रोलर सिविल डिफेंस द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिला कार्यालय होमगार्ड छतरपुर में मंगलवार को 80 (एनसीसी के 50 कैडेट्स सम्मिलित) सिविल डिफेंस वॉलंटियर का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें वालेंटियर को हवाई हमले के दौरान बचाव कार्य रेड एवं ग्रीन सायरन की जानकारी ब्लैकआउट के दौरान



बरती जाने वाली सावधानियां, नागरिक सुरक्षा की 12 महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी विक्टिम को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने की विधि, आग की जानकारी एवं फर्स्ट एड, सीपीआर, स्ट्रेचर, ब्लीडिंग को रोकना आदि विषयों के संबंध में विनीत तिवारी प्लाटून कमांडर एवं एसडीईआरएफ टीम तथा मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में नायक सूबेदार सत्यपाल परमार एवं नायक सूबेदार स्वर्णसिंह एवं सीटीओ डॉ. नीरज निरंजन शासकीय कन्या पीजी कॉलेज उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में उपस्थित सीडी वालेंटियर्स को अधिक से अधिक नए वालेंटियर जोड़ने के लिए समझाइश देते हुए प्रेरित किया गया।

### जिला प्रशासन द्वारा आपदा से बचाव के लिए संबंधित विभागों को जारी किए व्यापक निर्देश जारी

# आपातकालीन स्थिति से निपटने तैयारियां करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज छतरपुर। आपातकालीन स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षात्मक, पूर्व सावधानियां एवं बचाव कार्य से संबंधित तैयारियों को लेकर कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को एनआईसी कक्ष कलेक्ट्रेट में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एसपी अगम जैन, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एएसपी विदिता डागर, एसडीएम अखिल राठौर, डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह, सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता, होमगार्ड, एनसीसी आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे और अन्य ब्लॉकों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित पुलिस अधिकारी वी.सी. के माध्यम से जुड़े रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने निर्देश दिए कि समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ इसी प्रकार की बैठकें आयोजित कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार करें। कलेक्टर ने कहा कि जनसामान्य तक सूचनाएं शीघ्रता से पहुंचाने हेतु नगरीय निकायों द्वारा सार्वजनिक घोषणाओं के लिए सायरन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 24 घंटे कार्यरत नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका उपयोग त्वरित सूचना प्रसारण एवं समन्वय के लिए किया जाएगा। नागरिक सुरक्षा हेतु स्वेच्छा से सेवा देने वाले स्वयंसेवकों का पंजीयन निर्धारित प्रपत्र में किया जाएगा। होमगार्ड, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी तैनाती के लिए तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कलेक्टर ने शीघ्रातिशीघ्र अद्यतन संचार योजना तैयार करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि आपातकाल की संभावित स्थिति में सुरक्षित आश्रय स्थलों की पूर्व पहचान कर, वहां जल एवं विद्युत सुविधाओं सहित न्यूनतम रहने योग्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका को निर्देशित किया गया है कि फायर सेफ्टी के गाड़ियां नियमित रूप से संचालित की जाएं तथा अग्निशमन सेवाएं पूर्ण रूप



से सक्रिय और प्रभावी रहें। सभी संवेदनशील स्थलों का सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य रूप से संपन्न किया जाए। कलेक्टर ने कहा एमपीईबी के अधिकारियों से समुचित समन्वय बनाए रखें। किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा असत्य जानकारी का मीडिया एवं सोशल मीडिया में प्रसार न हो, इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। सिम कार्ड विक्रेताओं द्वारा उचित केवाईसी प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी गहन जांच कराई जाए। साथ ही डीएसओ को निर्देशित किया गया कि आगामी माह में तीन महीने का एक साथ राशन वितरण किया जाना है। जिसके पर्याप्त स्टॉक और वितरण की तैयारियां सुनिश्चित करें। सीएमएचओ को निर्देश दिए गए हैं कि आपातकालीन स्थिति में अस्थायी अस्पतालों की स्थापना हेतु आवश्यक संसाधनों एवं व्यवस्था की तैयारी सुनिश्चित करें। जल संसाधन विभाग को बांध संरचनाओं की जांच तथा लोक निर्माण विभाग को पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। सभी उप-केन्द्रों की सुरक्षा कड़ी की जाए एवं एम्बुलेंस सेवाएं सतत रूप से क्रियाशील रहें, ताकि न्यूनतम समय में आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने, सभी आवश्यक संसाधनों को तत्पर रखने एवं एयरपोर्ट स्टाफ के साथ सुरक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सोशल मीडिया की सतत निगरानी कर भ्रामक सूचनाओं के प्रचार को रोकने हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**खबर संक्षेप**



## आबकारी विभाग ने दी दबिश अवैध मदिरा जब्त

**रीवा।** जिले के आबकारी विभाग की टीम ने चाकघाट वृत्त में सोमवार को दबिश के दौरान भारी मात्रा में अवैध मदिरा बरामद की है। अलग-अलग स्थानों पर दबिश देते हुए 8 प्रकरण तैयार किए हैं। इस कार्रवाई के दौरान 11.16 बल्क लीटर विदेशी मदिर प्लेन, 15.5 बल्क लीटर बीयर, 4.5 लीटर देशी मदिरा प्लेन, 35 लीटर हाथ भट्ठी, मदिर और 2900 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया है। बताया गया है कि दो ऐसे प्रकरण भी बनाए गए है, जो शराब दुकान के आसपास मदिरा पान करा रहे थे। बताया गया है. कि इस कार्रवाई के दौरान 30 हजार से ज्यादा कीमत की मदिरा जब्त हुई है। सोमवार को जो 8 प्रकरण तैयार किए गए हैं उनमें 4 महिला आरोपी हैं।

## श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेश के अवसर

**रीवा ।** श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आवेदक ध्ध्ध्. डुद्मड्ड.थ्द्र.ढ़दृध्.त्द पर 31 मई तक पंजीयन कर सकते हैं। प्रिया अग्रवाल श्रमपदाधिकारी ने बताया कि संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट के लिये दो वर्षीय पाठक्रम तथा फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन आयओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किये जा सकते हैं। वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है जबकि शेष सभी सात पाठक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाहय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

## कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**रीवा ।** वर्तमान परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने राहत और बचाव कार्य के लिए अधिकारी तैनात किए हैं। आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय प्लान बनाकर अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत जारी आदेश के अनुसार आयुक्त नगर निगम को सेवा क्षेत्र का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्हें वालेंटियर्स की नियुक्ति और प्रशिक्षण, अग्निशमन दल, शेल्टर होम, राहत शिविर तथा आमजनता को सूचना देने के लिए पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है। आपातकालीन वायरलेस तथा मोबाइल संचार व्यवस्था एवं कम्युनिकेशन प्लान के लिए जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला सेनानी होमगार्ड को राहत और बचाव के लिए आवश्यक उपकरण, सिविल डिफेंस प्लान तैयार करने तथा वालेंटियर्स के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। आपातकाल में उपचार व्यवस्थाओं एवं दवाओं की आपूर्ति के लिए डीन मेडिकल कालेज और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है। कलेक्टर ने आपातकाल में परिवहन व्यवस्था के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को जिम्मेदारी दी है। खाद्यान्न भण्डारण तथा आपूर्ति के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला प्रबंधक वेयरहाउस एवं जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम तथा पेयजल की आपूर्ति की लिए कार्यपालन यंत्री पीएचई को जिम्मेदारी दी गई है। पशुओं के उपचार, मृत पशुओं के निस्तारण तथा गौशालाओं की निगरानी के लिए उप संचालक पशुपालन को प्रभारी बनाया गया है। जिला जनसम्पर्क अधिकारी को ब्लैक आउट प्रोटोकाल के अनुसार आमजनता को जागरूक करने, गलत और भ्रामक समाचारों का खण्डन करने तथा महत्वपूर्ण सूचनाओं और निर्देशों का प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण अनिवार्य

## सांसद, विधायक और कमिश्नर ने गौरी झिरिया की सफाई में किया श्रमदान

जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ जल सम्मेलन और सफाई करके आमजनता को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले के गंगेव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रामपुर बुड़वा में जल सम्मेलन आयोजित किया गया।



**हरिभूमि न्यूज, रीवा ।**

सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि मानव सभी जीवों एवं वनस्पतियों के जीवन का आधार पानी है। प्रकृति ने हमें असीमित पानी प्रदान किया है। लेकिन जल संरक्षण पर ध्यान न देने और पानी की लगातार बरबादी से हमारे सामने पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। समय रहते जल संरक्षण के उपाय करें। हर व्यक्ति पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करे। यदि हमें भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रखना है तो जल संरक्षण करना अनिवार्य है। खेती में सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप इरिगेशन का उपयोग करें। नहाने तथा आम निस्तार में भी पानी का सोच-समझकर उपयोग करें। वर्षा के पानी को हर खेत और हर गांव में सहेजने का प्रयास करें। पानी के बिना पृथ्वी पर जीवन नहीं रहेगा। जल सम्मेलन का आयोजन ग्राम पंचायत रामपुर बुड़वा तथा जन अभियान परिषद द्वारा किया गया,समारोह में सांसद ने कहा कि प्रशासन जल संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। हर आमजनता भी इनमें भागीदारी निभाए। सांसद श्री मिश्र ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा चलाए गए आपरेशन प्रखर की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपरेशन प्रखर के कारण रीवा संभाग के 66 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची में स्थान बनाया है। सम्मेलन में विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री के नेृत्व में पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया है। जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हर व्यक्ति जल संरक्षण कार्यों में श्रमदान करके इस अभियान में अपना योगदान दे। सबके सहयोग से ही जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा होगा। गांव में पर्याप्त पानी रहने पर ही समृद्धि आएगी। सम्मेलन में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि हमारे पुरखों ने नदियों और जलाशयों को पवित्र मानकर उनकी पूजा की। पूर्वजों को जल संरक्षण का महत्व मालूम था। वृक्षारोपण और जल संरक्षण के कार्य को सबसे बड़ा पुण्य माना जाता था। हमारे पुरखों ने जो जल संचय किया उसका सुख हमारी पीढ़ी को मिला है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि जल संरक्षण की परंपरा को बनाए रखते हुए वर्षा जल को धरा में अधिक से अधिक भण्डारित करने का प्रयास करें। छोटे-छोटे कार्यों और प्रयासों से जल संरक्षण का बड़ा उद्देश्य पूरा होगा। धरा में जल भण्डार समृद्ध हुए तभी हम सबका जीवन सुरक्षित रहेगा। हर व्यक्ति अपने गांव के जल स्त्रोतों और नदी नालों के उद्गम स्थलों की साफ-सफाई में योगदान करे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों तथा अभियान के तहत जिले भर में किए जा रहे जल संरक्षण के कार्यों की जानकारी दी। जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने नदी के प्राचीन उद्गम गौरीकुण्ड के जीर्णोद्धार और नदी को सदैव प्रवाहमान बनाए रखने के लिए आमजनों से सहयोग का आहवान किया। जल सम्मेलन के बाद सांसद, विधायक, कमिश्नर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं आमजनों ने बकचा नदी के गौरी कुण्ड झिरिया की साफ-सफाई में श्रमदान किया। बारहमासी नाले में स्टापडैम की मरम्मत और बोरी बांध बनाने का कार्य भी किया गया। जल सम्मेलन में ग्राम पंचायत के सभी अतिथियों को जल गंगा संवर्धन अभियान में योगदान देने के लिए शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, जनपद के सीईओ प्राची चौबे, तहसीलदार सुमित गुप्ता, नायब तहसीलदार राजीव शुक्ला, विकासखण्ड समन्वयक अनीता मिश्रा, अमित अवस्थी, विष्णुदेव कुशवाहा, शैलेन्द्र दुबे, स्वामी उमेशानंद, संतोष साहू तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने जल संरक्षण के गीत गाते हुए कलश यात्रा निकाली।

## किसानों के सिचाई पम्पों के बिल के एक मापदंड में निर्धारित करने की सरकार से मांग भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज, रीवा ।**

भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष एव राष्ट्रीय किसान समन्वय समित भारत के सदस्य किसान सुब्रत ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री से माग कि है कि मध्यप्रदेश मे किसानो के सिचाई पम्पो के बिलो के एक मापदंड रखे जाय, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी रीवा शहर सभाग के अन्तर्गत किसानो के सिचाई पम्पो मे जिनके फ्लैट रेट मे बिल छै माह मे आते थे उनको बिना मीटर लगे ही मनमानी रीडिंग के आधार पर प्रति माह बिल भेजे जा रहे है रोक लगायी जाय एव जिन सिचाई पंपों तक पोल ,केबिल नही है स्थायी कनेक्शन है वहा तक पोल ,केबिल लगायी जाय, किसान सुब्रत ने कहा है कि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शहर सभाग के अन्तर्गत चोरहटा विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पचायतो मे शामिल गावो एव नगर निगम के वार्डो मे शामिल गांवो मे पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शहर सभाग द्वारा फ्लैट रेट मे आ रहे किसानो के सिचाई पम्पो के बिल बिना मीटर लगे ही मनमाफिक ढग से रीडिंग जो मन मे आया लिख बिल जारी किये जा रहे है रोक लगायी जाय, खेत खाली है सिचाई जहा बन्द है मीटर नही लगे है रीडिंग के आधार पर बिल आ रहे है , जांच कराए शहर सभाग के अन्तर्गत कितने कृषि उपभोक्ता है ? किस आदेश के तहत किस वर्ष मे किसानो के सिचाई पम्पो पर इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाये गये थे ,कितने किसानो के यहा फ्लैट रेट मे हर छै माह मे प्रति माह बिल जारी किये जा रहे थे ?कितने किसान उपभोक्ताओ के यहा इलेक्ट्रॉनिक मीटर किस तारीख मे लगाये गये किस आधार पर लगाये गये ? कितने किसानो के यहा मीटर नही लगाये गये ?मध्यप्रदेश सरकार दवारा पूरे मध्यप्रदेश मे किसानो को सिचाई पम्पो के लिए किस आधार पर बिल जारी करने के नियम है। दोहरे मापदंड अपनाये गये फ्लैट रेट मे छै माह मे बिल एव प्रति हार्ष पावर के हिसाब से बिल एव कुछ किसानो के यहा इलेक्ट्रॉनिक मीटर से प्रति माह प्रति यूनिट के हिसाब से बिल जारी किये जाते रहे है जबकी सभी किसानो के लिए मध्यप्रदेश मे लागू एक नियम होना चाहिए। जहा चाह वहा मीटर लगा दिया एव अधिकांश के यहा मीटर नही लगे फ्लैट रेट मे बिल आते रहे । अब जिन किसानो के यहा फ्लैट रेट से प्रति माह पर हार्ष पावर छै माह मे बिल आते थे ,किसानो ने सितम्बर 2024 मे फ्लैट रेट के बिल जमा किये थे अक्टूबर से मार्च माह मे फ्लैट बिल आना चाहिए लेकिन सिचाई पम्पो का माह जनवरी मे बिना मीटर लगे भारी भरकम बिल मनमाफिक यूनिट के जारी कर दिये गये आखिर ऐसा क्यो किया गया बिना मीटर लगे रीडिंग कहा से आ गयी ? दो चार हजार से लेकर हजारो के बिल प्रति माह जारी किये जा रहे है ऐसे मे किसान खेती कैसे कर पायेगे विचार करे स्थायी कनेक्शनो मे आज तक पोल नही केबिल नही लगी है तब भी बिना मीटर लगे किसानो के सिचाई पम्प के बिल रीडिंग के आधार पर जारी किये जा रहे है । मध्यप्रदेश मे किसानो के सिचाई पम्प के लिए जो आवश्यक मापदंड निर्धारित है उसके तहत बिल जारी कराये जाय । बरसो से चले आ रहे कृषि पमपो के सभी किसानो को फ्लैट रेट के साल मे दो बार प्रति हार्ष पावर के हिसाब से बिल जारी कराये जाय ।

# जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की हुई सुनवाई

### 63 आवेदकों की हुई सुनवाई

**हरिभूमि न्यूज, रीवा ।**



प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की गई। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने 63 आवेदकों की समस्यायें सुनी गइं। संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में अशोक कुमार निवासी व्यौहरा ने खसरा में भूमि स्वामी का नाम दर्ज करने, फूल नं. 2 के निवासी नंद किशोर शुक्ला ने नामांतरण करने तथा घोघर वार्ड क्रमांक 34 निवासी भारती कुशवाहा ने पैतृक घर के सीमा विवाद का निराकरण करने का आवेदन दिये जिन्हें संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। डेल्ही मनगवां के उमाशंकर शुक्ला के रास्ता से अतिक्रमण हटाने तथा डीहा निवासी गणेश साकेत के स्वामित्व भूमि पर अवैध पक्का निर्माण पर रोक लगाने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में टीकर निवासी अरूण कुमार कुशवाहा के सीमांकन करने के आवेदन को नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। जबकि सुमेदा निवासी पारसनाथ सिंह एवं इटौरा निवासी रामनाथ मिश्रा के भूअर्जन का मुआवजा दिलाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया जिन्हें भूअर्जन अधिकारी को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इन्द्रपाल विश्वकर्मा निवासी खाम्हाडीह चौड़ियार के सीमांकन करने के आवेदन को तहसीलदार गुढ़ को तथा शाहपुर निवासी प्रदीप कुमार मिश्रा के खसरा सुधार के आवेदन को एसडीएम सिरमौर को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। भटलो निवासी अजय द्विवेदी ने निजी भूमि में सेतु निर्माण कार्य को रोके जाने का आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कार्यपालन यंत्री सेतु निर्माण को परीक्षण कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

## रीवा में बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध, नियम उल्लंघन पर होगी कानूनी कार्रवाई



**रीवा।** भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया तनावपूर्ण हालातों के मद्देनजर मध्यप्रदेश सरकार ने सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में रीवा जिले में ड्रोन संचालन को लेकर पुलिस विभाग ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। अब जिले की सीमा के भीतर किसी भी नागरिक या संस्था को ड्रोन उड़ाने से पहले संबंधित थाने से पूर्वानुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना पूर्व अनुमति के ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। जो भी व्यक्ति या संस्था इस आदेश का उल्लंघन करेगी, उनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता व अन्य संबंधित कानूनों के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी। ड्रोन संचालन की अनुमति प्राप्त करने के लिए आवेदक को अपने ड्रोन का पंजीकरण कराना होगा, जिसमें वैध भारतीय पासपोर्ट और आधार कार्ड जैसे दस्तावेज अनिवार्य होंगे। यह प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से भी की जा सकती है, जिससे नागरिकों को सुविधा हो और प्रशासन को निगरानी में सहूलियत मिलेगी।सुरक्षा कारणों से कुछ क्षेत्रों को 'नो-फ्लाई ज़ोन' घोषित किया गया है, जहां ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से वर्जित रहेगा। इनमें टोंस जलाशय, हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट, सोलर पावर स्टेशन, रीवा एयरपोर्ट और रीवा रेलवे स्टेशन सहित अन्य संवेदनशील स्थान शामिल हैं।

## मारपीट में सरहंगों ने काट दी थी जुबान

**रीवा।** जिले के वैकुंठपुर थाना क्षेत्र के एक पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाते हुए गंभीर आरोप लगाते हुई न्याय की मांग को है, बताया गया कि सरहंगों द्वारा करीब एक माह पूर्व उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी जुबान काट ली। आरोप है कि शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर घटना को अंजाम दिया गया था। पीड़ित ने आरोपियों के गिरफ्तारी करने की बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के नादान गांव से आए पीड़ित यदुनाथ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव के सरहंग किस्म के तीन युवकों द्वारा बीते 14 मार्च को उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से उसकी जीभ काट दी थी। पीड़ित के मुताबिक आरोपी शराब पीने के लिए पैसों की मांग करते थे और न देने पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद वो घटना की शिकायत बैकुंठपुर थाने में दर्ज कराए थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बैकुंठपुर पुलिस ने मामले में आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की,

## एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने नहीं दिया मुआवजा, कलेक्टर से हुई शिकायत



**मऊगंज**

एमपी पावर ट्रांसमिशन पैकेज थर्ड लिमिटेड के द्वारा मऊगंज से खैरा लाइन हेतु बड़े पोल टावर बिजली सप्लाई के लिए कृषकों की जमीन पर लगाया गया है कंपनी द्वारा सूचना पत्र में जमीन और फसल का नुकसान पर मुआवजा देने का सूचना पत्र में उल्लेख किया गया है किंतु कई महीने बीत जाने के बाद मुआवजा नहीं दिया गया वहीं मऊगंज स्थित गेड़हा बरयाकला के कई कृषकों ने जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर मऊगंज से शिकायत की है जिसमें सूर्यमणि द्विवेदी ने आवेदन देकर मुआवजा दिलाने मांग की गई है जिसकी शिकायत जनसुनवाई के दौरान की गई है वहीं कलेक्टर द्वारा तत्काल कंपनी को नोटिस जारी करने निर्देशित किया गया। कंपनी द्वारा ऐसे कई कृषकों को उनकी क्षतिपूर्ति राशि नहीं दी गई है क्षतिपूर्ति की राशि हड़पने की नीयत से कंपनी / ठेकेदार क्षेत्र से लापता है और कृषकों को झूठा अस्वाशन दिया गया है।

## दिल्ली में सम्मानित हुए रीवा के युवा कवि सिद्धार्थ

**रीवा।** दिल्ली की साहित्यिक संस्था अनन्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय काव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह में रीवा के युवा कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव को साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया,अनन्या फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुराधा पांडेय, वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम बिहारी मिश्रा, नर्मदा आह्वान सेवा समिति के प्रमुख कैप्टन किशोर करैया एवं वरिष्ठ कवयित्री नमिता नमन ने सिद्धार्थ श्रीवास्तव को ये सम्मान प्रदान किया, उक्त कार्यक्रम में अन्य जो कवि एवं साहित्यकार उपस्थित रहे उनमें प्रमुख रूप से मनोज मिश्रा कप्तान डॉ श्वेता अजल, आचार्य यादराम किनकर, कुसुम सिंह, विनीत नामदेव, दिलदार देहलवी, सरला मिश्रा, संजय शुक्ला, अरुण कुमार अरुण, संजीव नादान, शुभ्रा पालीवाल, विक्रांत विदित, कृष्णकांत मूंदड़ा, प्रिया श्री, रौशनी रावत, ज्योति श्रीवास्तव एवं मेघा मिश्रा आदि शामिल है, अनन्या फाउंडेशन ने सिद्धार्थ को प्रदान किए गए सम्मान पत्र में लिखा कि हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं में आपके द्वारा दिए गए बहुमूल्य अवदान के सम्मानार्थ आपको सम्मानित कर संस्था गौरवान्वित है,आपका रचना संसार कालजयी हो, देश और समाज को आलोकित करता रहे, आपकी यश कीर्ति लेखन के साथ द्विगुणित हो, यही शुभकामना है।

# नईगढ़ी पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी को 72 घंटे के अन्दर गिरफ्तार किया



**मऊगंज**

जिले के नईगढ़ी थाना प्रभारी उप-निरीक्षक जगदीश सिह ठाकुर के कुशल नेतृत्व मे स्टाफ द्वारा हत्या के आरोपी को 72 घण्टे के अन्दर कृष्णगढ सतना से गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया ।घटना दिनांक 07.05.25 को फरियादी खुशबू रजक पति राजेश रजक उम्र 24 साल निवासी बुढ़ा थाना नईगढ़ी जिला मउगंज (म.प्र) की रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि जमीनी विवाद को लेकर इसकी सास सोनिया रजक को इसके पड़ोसी द्वारा गाली गलौच कर लाठी डन्डा से मारपीट कर जान से खत्म कर देने की धमकी दी गयी है मारपीट से सोनिया रजक को दाहिने हाथ कि टिहुनी व कमर मे चोटे आई है । रिपोर्ट दर्ज कर मजरूबा सोनिया रजक को ईलाज हेतु सीएचसी नईगढी मे भर्ती कराया गया था जहा डाक्टर साहब द्वारा सोनिया रजक को रीवा रेफ़र कर दिया गया था दौरान ईलाज एसजीएमएच रीवा मे सोनिया रजक पति विश्वनाथ रजक उम्र 65 वर्ष निवासी बूढा थाना नईगढी की दिनांक 08.05.25 को मारपीट से आई चोटो के कारण मृत्यु हो जाने पर मामले मे हत्या संबंधित धारा बढाई जाकर आरोपीगण की तलाश की गयी जो दौरान तलाश आरोपी को मुखबिर सूचना के आधार पर स्टाफ द्वारा काफी मशक्कत से घेराबंदी कर कृष्णगढ सतना से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है वही एक आरोपी मामले मे फरार है जिसकी पता तलाश जारी है।